संयुक्त गणराज्य तंज़ानिया की राष्ट्रपति, महामहिम डॉ. सामिया सुलुहू हसन के सम्मान में आयोजित भोज

में

भारत की राष्ट्रपति, श्रीमती द्रौपदी मुर्मु का अभिभाषण

राष्ट्रपति भवन, अक्तूबर 9, 2023

भारत की पहली राजकीय यात्रा पर, महामहिम राष्ट्रपति डॉ. सामिया सुलुहू हसन का हार्दिक स्वागत करते हुए मुझे बहुत खुशी हो रही है।

महामहिम, तंज़ानिया के साथ हमारी मित्रता कई सदियों पुरानी है। हमारे लोगों, विशेषकर भारत के पश्चिमी राज्यों और Zanzibar तट के बीच, व्यापारिक संबंधों का एक लंबा और समृद्ध इतिहास है। भारतीय स्वतंत्रता संग्राम, तंज़ानिया सहित कई अफ्रीकी देशों के लिए प्रेरणा स्रोत रहा। हमारे देशों के राष्ट्रनिर्माता उपनिवेशवाद के खिलाफ एक-दूसरे के साथ खड़े रहे, और बड़ी शक्तियों के भारी दबाव के बावजूद गुटनिरपेक्षता की नीति अपनाई।

Global South का हिस्सा होने के नाते, हमारे दोनों देशों को समान चुनौतियों का सामना करना पड़ा है। हमारे लक्ष्य और आकांक्षाएं समान हैं, और आज भी, हम अंतरराष्ट्रीय मंचों पर विकासशील दुनिया के मुद्दों की वकालत करने में एक-दूसरे का समर्थन कर रहे हैं। हम संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद को अधिक समावेशी वाला बनाने हेतु, इसके विस्तार के लिए, एक स्वर में बात करते हैं।

हमें खुशी है कि G20 की अध्यक्षता के दौरान, हम अफ्रीकी संघ को G20 समूह की स्थायी सदस्यता में शामिल कराने में सफल रहे। यह इस महत्वपूर्ण मंच पर, अफ़्रीकी महाद्वीप की आवाज़ को बुलंद करेगा।

मैं East African Community (EAC) के क्षेत्रीय एकीकरण में तंज़ानिया की सक्रिय भूमिका, United Nations Peacekeeping Missions में योगदान, और अफ्रीका में उभरती आवाज के रूप में, तंज़ानिया की सराहना करना चाहूंगी। मैं इस वर्ष Human Capital Summit और Africa Food Systems Forum की सफलतापूर्वक मेजबानी के लिए भी तंज़ानिया को बधाई देना चाहती हूं।

तंज़ानिया अफ्रीका में हमारा चौथा सबसे बड़ा trade partner, जल क्षेत्र में सबसे बड़ा development partner, और 60,000 से अधिक भारतीय प्रवासियों का निवास स्थान है।

आपके नेतृत्व में, हमारे संबंधों में काफी वृद्धि हुई है। नियमित राजनीतिक आदान-प्रदान के साथ सभी क्षेत्रों में व्यापक प्रगति हुई है। अनुकूल निवेश माहौल से प्रोत्साहित होकर, हमारे निजी क्षेत्रों ने तंज़ानिया में infrastructure, ports, automobile, telecommunications और agro-processing क्षेत्रों में कदम रखा है। हमारी रक्षा और समुद्री गतिविधियों में भी तेजी से विस्तार हो रहा है।

हम तंज़ानिया के साथ अपनी साझेदारी को और प्रगाढ़ बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं, और हमने अपने संबंधों को 'रणनीतिक साझेदारी' तक बढ़ाकर, इसे प्रमाणित किया है। मेरा मानना है कि इससे हमारे दोनों देशों के लोगों को लाभ होगा।

महामहिम, भारत आपके लिए कोई अनजान जगह नहीं है - वास्तव में, हमारे ITEC alumni परिवार के सदस्य के रूप में, आप हमारे दोनों देशों के बीच दीर्घकालिक सहयोग का एक जीवंत उदाहरण हैं। आज हमारे बीच आपकी

गरिमामयी उपस्थिति हम सभी को इस खूबसूरत साझेदारी को आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित करेगी।

इन्हीं शब्दों के साथ, महामहिम, देवियो और सज्जनो, आइए हम सब मिलकर:

- महामहिम के अच्छे स्वास्थ्य और कल्याण,

- तंज़ानिया के लोगों की निरंतर प्रगति और समृद्धि,

- और भारत और तंज़ानिया के बीच दोस्ती को हमेशा बनाये रखने के लिए,

अपनी शुभकामनाएं व्यक्त करें।

धन्यवाद।